# एच एस एन सी विश्वविद्यालय, मुंबई
# किशिनचंद चेल्लाराम कॉलेज

HSNC UNIVERSITY MUMBAI
Est. 2020

विद्या विन्दते अमृतम्!
SALVATION THROUGH KNOWLEDGE
KISHINCHAND CHELLARAM COLLEGE
Est. 1954

## शैक्षणिक वर्ष 2026-27

कला | वाणिज्य | विज्ञान | प्रबंधन | अनुसंधान

### HSNC यूनिवर्सिटी के बारे में

हैदराबाद (सिंध) नेशनल कॉलेजिएट यूनिवर्सिटी, मुंबई-रुसा (RUSA) और महाराष्ट्र सरकार द्वारा अनुमोदित एक राज्य सार्वजनिक विश्वविद्यालय है- जिसकी स्थापना 2020 में हुई थी। के.सी. कॉलेज इसके प्रतिष्ठित घटक कॉलेजों में से एक है। महाराष्ट्र के माननीय राज्यपाल इस विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं। पूर्व प्रोवोस्ट श्री निरंजन हीरानंदानी, प्रोवोस्ट श्री अनिल हरीश और कुलपति प्रो. हेमलता के. बागला के दूरदर्शी नेतृत्व में, यह विश्वविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान और नवाचार के केंद्र के रूप में उभरा है।

HSNC यूनिवर्सिटी विभिन्न विषयों में स्नातक (Undergraduate), स्नातकोत्तर (Postgraduate) और डॉक्टरेट कार्यक्रमों की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है। इसमें 24 अनुसंधान केंद्र हैं और यह शोधार्थियों की बढ़ती संख्या को सहायता प्रदान करता है। विश्वविद्यालय के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक इसकी 'हारबिंगर लेक्चर सीरीज' (Harbinger Lecture Series) है, जहाँ नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी, किरण बेदी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को आमंत्रित किया जाता है। एचएसएनसी विश्वविद्यालय ने अपनी पहली मानद डी. लिट. (D. Litt) की उपाधि भारत रत्न श्री रतन टाटा को प्रदान की थी, जिसके बाद पद्म विभूषण श्री रघुनाथ माशेलकर और केंद्रीय कैबिनेट मंत्री श्री नितिन गडकरी को भी इसी प्रकार सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) के अनुरूप, HSNC यूनिवर्सिटी ने भारत में परिवर्तनकारी उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बने रहने के लिए प्रगतिशील पाठ्यक्रम सुधारों और नवीन शिक्षण पद्धतियों को अपनाया है।

## के.सी. महाविद्यालय :-

के.सी. महाविद्यालय का श्रीगणेश स्व. विद्यासागर के. एम. कुंदनानी ने 1954 में किया था। मुंबई के इस प्रतिष्ठित महाविद्यालय में कला, वाणिज्य और विज्ञान संकाय की कक्षाओं के साथ ही कंप्यूटर साइंस, बायोटेक, आई.टी., बी.एम.एस., बी.बी.आई., बी.एफ.ए. एवं बी.एम.एम. की स्नातक स्तर पर शिक्षा प्रदान की जाती है। हिन्दी, कम्युनिकेशन एंड जर्नलिज्म तथा रसायन शास्त्र के स्नातकोत्तर विद्यार्थी अपनी अलग पहचान रखते हैं। हिंदी, वाणिज्य रसायन विज्ञान, जीवन विज्ञान, अर्थशास्त्र, सूक्ष्म जीव विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, सूचना प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर विज्ञान, मनोविज्ञान एवं सांख्यिकी में अनुसंधान (पी-एच.डी.) की भी व्यवस्था यहां उपलब्ध है। महाविद्यालय को 'नैक' द्वारा तीन बार लगातार 'ए' ग्रेड एवं यूजीसी द्वारा स्टार कॉलेज का दर्जा प्राप्त हुआ है, जो शिक्षा के प्रति इसकी प्रतिबद्धता को प्रमाणित करता है।

'NAAC' द्वारा तीन बार लगातार 'A' ग्रेड

UGC द्वारा STAR COLLEGE का दर्जा प्राप्त

**यह उपलब्धियाँ शिक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण हैं।**

## हिन्दी-विभाग :-

महाविद्यालय की स्थापना के साथ ही हिन्दी-विभाग की भी शुरूआत हुई थी। डॉ. सी.एल. प्रभात, डॉ. शिव सहाय पाठक, डॉ. विनोद गोदरे, डॉ. प्रेम शंकर शुक्ल और डॉ. मंजुला देसाई जैसे विद्वान शिक्षकों ने विभाग को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाया। निवर्तमान विभागाध्यक्ष डॉ. शीतला प्रसाद दुबे अकादमिक क्षेत्र में प्रतिष्ठित होने के साथ ही मुंबई विश्वविद्यालय हिन्दी अध्ययन मंडल एवं एचएसएनसी विश्वविद्यालय हिन्दी अध्ययन मंडल के अध्यक्ष तथा सीनेट, एकेडमिक कॉउंसिल, कला संकाय, बी.यू.टी.आर. एवं अनुसंधान समिति जैसी अनेक समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में सेवाएं दी हैं। इनके अनुभव को देखते हुए महाराष्ट्र शासन ने हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु इन्हें महाराष्ट्र सरकार ने जनवरी 2018 में महाराष्ट्र राज्य हिन्दी साहित्य अकादमी के कार्याध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया। अब तक 7 साल के कार्यकाल में प्रो. दुबे ने हिंदी के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रो. दुबे की एक दर्जन से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा इनके मार्गदर्शन में 17 विद्यार्थियों ने एम.फिल. एवं 22 विद्यार्थियों ने पीएच. डी. की उपाधि प्राप्त की है। प्रो. दुबे राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक दर्जन से अधिक पुरस्कारों से पुरस्कृत हैं। वर्तमान विभागाध्यक्ष डॉ. अजीत कुमार राय, एचएसएनसी विश्वविद्यालय हिन्दी अध्ययन मंडल के अध्यक्ष, शोध निर्देशक एवं हिंदी पत्रकारिता का जाना पहचाना नाम हैं। डॉ. राय की अब तक तीन पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इनमें से एक पुस्तक महाराष्ट्र सरकार द्वारा पुरस्कृत की गई है। यहां हिंदी- विभाग में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं शोध (पी-एच.डी.) स्तर तक की शिक्षा की व्यवस्था है। विश्वविद्यालय स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त करने के साथ ही विभाग के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।

**हमारे विद्यार्थियों की सफलता ही हमारी पहचान हैं!**

## पूर्व विद्यार्थी



1. डॉ. एम. एल. गुप्त
क्षेत्रीय उप निदेशक (रिट.) गृह मंत्रालय भारत सरकार



2. डॉ. संजय सिंह,
पूर्व संपादक जी न्यूज, प्रसिद्ध लेखक स्टाम्प पेपर घोटाले का पर्दाफाश करने का श्रेय



3. डॉ. राजेश्वर उनियाल,
उप निदेशक (रिट.), मत्स्यिकी विश्वविद्यालय, मुम्बई




4. मेघन जाधव
अभिनेता




5. डॉ. उषा दुबे,
शोध निर्देशक एवं अस्सिटेंट प्रोफेसर, एम डी, महाविद्यालय, परेल



6. सलीम खान,
प्रमुख राजभाषा, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन



7. मनीष झा
वरिष्ठ पत्रकार, नवभारत टाइम्स



8. हर्ष बढेरा
निर्माता-निर्देशक

## हिंदी के विद्यार्थियों के लिए रोजगार के अवसर

1. अध्यापन के क्षेत्र में -
डिग्री कॉलेज एवं जूनियर कॉलेज स्तर पर प्राध्यापक
सभी स्कूलों में अध्यापन
प्रतियोगी कोचिंग संस्थानों में अध्यापन

2. पत्रकारिता के क्षेत्र में
संवाददाता से लेकर संपादक बनने का अवसर
न्यूज़ एंकर एवं कॉपी राइटर के रूप में
अवसरइटर के रूप में अवसर

3. लेखन के क्षेत्र में
स्वतंत्र लेखक के रूप में - प्रकाशन केंद्रों के साथ
विविध वेबसाइट्स एवं पत्र पत्रिकाओं - प्रूफ शोधक के रूप में
स्वतंत्रत अनुवादक के रूप में

4. राजभाषा एवं जनसंपर्क विभागों में
सरकारी, अर्ध सरकारी एवं निजी संस्थानों में राजभाषा अधिकारी के रूप में
सरकारी, अर्ध सरकारी एवं निजी संस्थानों में जनसंपर्क अधिकारी के रूप में
सरकारी, अर्ध सरकारी एवं निजी संस्थानों में अनुवादक के रूप में

5. फ़िल्म के क्षेत्र में
कहानी लेखक के रूप में - अभिनेता के रूप में
संवाद लेखक के रूप में - पटकथा लेखक के रूप में
इसके अतिरिक्त पर्यटन, ऑनलाइन अध्यापन एवं अन्य विविध क्षेत्रों में भरपूर अवसर

**इसके अतिरिक्त पर्यटन, ऑनलाइन अध्यापन एवं अन्य विविध क्षेत्रों में भरपूर अवसर**

## वर्ष 2025-2026 में हुई विशिष्ट नियुक्तियाँ 9 से 19 लाख के पैकेज पर



पल्लवी जायसवाल
'एक्जिम बैंक'



सुप्रिया पंढारे
'एक्जिम बैंक'



अभिमन्यु कुमार
'मुंबई पोर्ट ट्रस्ट'



संस्कृति सिंह
'हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड'



सिमरन कुरील
'सांख्यिकी और कार्यक्रमकार्यान्वयन मंत्रालय'



रिया सिंह
'सेबी'

**हमारे विद्यार्थियों की सफलता ही हमारी पहचान है!**

## हिन्दी-विभाग की उपलब्धियाँ

1. महाराष्ट्र सरकार द्वारा साहित्य के क्षेत्र मे उल्लेखनीय योगदान पर तीन राज्यस्तरीय पुरस्कार
2. प्राध्यापकों द्वारा 10 मौलिक एवं संपादित पुस्तकों का प्रकाशन।
3. प्रतिवर्ष 2-3 राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठियों का आयोजन, 2-3 कार्यशालाओं एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन।
4. विद्यार्थियों के लिए "पेड इंटर्नशिप" एवं शत प्रतिशत* रोजगार।



## हिंदी-विभाग अंतर्गत पाठ्यक्रम

1. B. A. Three year Degree Course
2. B. A. HOUNERS
3. B. A. With Research
4. M. A. & Ph.D.
5. Certificate course in translation
6. Diploma in translation
7. Certificate course in journalism


**पता**
किशिनचंद चेल्लाराम कॉलेज
विद्यासागर के एम कुंदनानी चौक
124, दिनशॉ वाछा रोड, चर्चगेट
मुंबई - 40020

**फोन**
9321771619
2266981000

**ई मेल**
askmeanything@kccollege.edu.in
hindidept@kccollege.edu.in
ajeetkumar.rai@kccollege.edu.in

**वेबसाईट**
www.kccollege.edu.in

**विभाग संपर्क हिन्दी -विभाग के. सी. कॉलेज**
9323778226